पंचदश

बिहार विधान-सभा

पंचम सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 10 फाल्गुन, 1933 (श०) / 29 फरवरी, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—02

(1) ग्रामीण विकास विभाग	..	..	..	01
(2) पंचायती राज विभाग	..	..	..	01
			कुल योग ..	02

जाँच कराना

13. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कुल 17943189 जौब कार्डधारकों में से वर्ष 2011-12 (31 जनवरी, 2012 तक) में 749722 मात्र 6 परसेंट ने ही काम मांगा, जिसमें से भी 735645 को ही काम दिया गया और शेष 14077 काम मांगने वालों को काम नहीं दिया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि नरेगा के नियम 7. 3. 1 के तहत काम मांगने पर काम उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मजदूरों को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने का प्रावधान है, परन्तु उपरोक्त 14077 में से एक भी मजदूर को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

भवन नहीं बनाने का औचित्य

14. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में राज्य में 69 पंचायत भवनों के निर्माण हेतु 30.54 करोड़ रुपये का प्रावधान कर आवंटित किया गया था, परन्तु अभीतक 16.63 करोड़ रुपये की लागत से मात्र 13 पंचायत भवनों का ही निर्माण पूरा हुआ है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

पटना :
दिनांक 29 फरवरी, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मीकांत झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 115--डी०टी०पी०--450